ई-न्यूज

# 24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, सोमवार 24 नवम्बर 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com



## सनी देओल की आंखों में दिखा पापा को खोने का दर्द, नम आंखों से हेमा मालिनी ने दी धर्मेंद्र को अंतिम विदाई

24 न्यूज अपडेट

बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र का निधन हो गया है. वह 12 नवंबर को ही अस्पताल से घर लौटे थे. धर्मेंद्र को 31 अक्टूबर को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था. लेकिन 12 नवंबर की सुबह करीब साढ़े सात बजे उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया. उसके बाद से घर पर ही उनका इलाज चल रहा था. उनका सोमवार को मुंबई के विले पार्ले में अंतिम संस्कार कर दिया गया. उनके अंतिम दर्शन करने के लिए अमिताभ बच्चन, संजय दत्त, अक्षय कुमार, सलमान खान, आमिर खान, शबाना आजमी और अनिल कपूर समेत कई दिग्गज सितारे पहुंचे. श्मशान घाट पर धर्मेंद्र की बेटी ईशा देओल को काफी इमेशनल देखा गया. यही नहीं, करण देओल भी दादा के अंतिम संस्कार से लौटते समय काफी इमोशनल




दिखे. हेमा मालिनी की भी आंखें नम थीं. धर्मेंद्र और हेमा ने 1980 में शादी की थी और आखिर 45 साल बाद दोनों को साथ छूट गया. धर्मेंद्र का जन्म 8 दिसंबर 1935 को पंजाब के साहनेवाल गांव में हुआ था. 65 साल के करियर में 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और वह हिंदी सिनेमा में सबसे ज्यादा हिट फिल्मों का रिकॉर्ड रखते हैं. धर्मेंद्र ने 1960 में दिल भी तेरा हम भी तेरे से डेब्यू किया और 1960 के दशक में पॉपुलर हो गए. उनका आई मिलन की बेला, फूल और पत्थर और आए दिन बहार के ने उन्हें इस दशक में रातोंरात पॉपुलैरिटी दिलाई. वहीं उन्हें हीमैन का दर्जा दिया गया, जो आज भी कायम है. उनकी फिल्में शोले से लेकर यमला पगला दीवाना तक सभी फिल्में फैंस की फेवरेट रही हैं. धर्मेंद्र ने शोले, धर्मवीर, चुपके चुपके, मेरा गांव मेरा देश और ड्रीम गर्ल जैसी कई यादगार फिल्में दी हैं. हाल ही में वो शाहिद कपूर-कृति सेनन की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे. अब वो जल्द ही अगस्त्य नंदा की फिल्म "इक्कीस" में दिखेंगे, जो 25 दिसंबर को रिलीज होगी. इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसमें धर्मेंद्र को शानदार अंदाज देखने को मिला.

## श्रीनगर में सीजन का सबसे ठंडा दिन, पारा -3.2 पहुंचा:बद्रीनाथ में झरना-झील जमे, MP-राजस्थान में अगले 5 दिन शीतलहर नहीं



24 न्यूज अपडेट

उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। रविवार को पूरी कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान -3.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस सीजन की अब तक की सबसे कम था। दक्षिण कश्मीर का शोपियां सबसे ठंडा रहा, जहां पारा -5.1 डिग्री तक गिर गया।

दूसरी तरफ, उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में रविवार को पारा माइनस 16C पहुंच गया। इंद्र धारा झरने का पानी जम गया। ठंडी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट हुई है। वहीं राज्य के मैदानी इलाकों में कोहरा छाने लगा है।

इधर मध्य प्रदेश और राजस्थान में लोगों को सर्दी से राहत मिली है। दोनों राज्यों के ज्यादातर शहरों में रविवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने MP-राजस्थान में अगले चार से पांच दिनों तक शीतलहर का अलर्ट जारी नहीं किया है।

उधर हरियाणा में रविवार को हिसार सबसे ठंडा रहा, यहां 7.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। यहां रात का पारा सामान्य से 3.4 डिग्री तक नीचे आ गया है। राज्य में 11 शहरों का तापमान 10 डिग्री से कम दर्ज किया गया है।

## तमिलनाडु में 2 बसों की आमने-सामने टक्कर, 6 की मौत:30 यात्री घायल; पुलिस बोली- ड्राइवर की गलती से हादसा



24 न्यूज अपडेट

तमिलनाडु के तेनकासी जिले में सोमवार को दो बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। जबकि 30 यात्री घायल हो गए हैं।

मरने वालों में 5 महिलाएं और एक पुरुष शामिल है। मदुरै से सेनकोट्टई जा रही बस और तेनकासी से कोविलपट्टी जा रही बस में सोमवार सुबह 11 बजे टकरा गईं।

पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में पता चला है कि गलती ड्राइवर की थी। मदुरै से सेनकोट्टई जा रही बस का ड्राइवर लापरवाही और तेज स्पीड में गाड़ी चला रहा था।

घायल यात्रियों का नजदीकी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। कुछ पीड़ितों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है।

### 25 एम्बुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया

बस में फंसे यात्रियों को निकालने के लिए जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। कटर की मदद से बस के क्षतिग्रस्त हिस्सों को काटकर यात्रियों को बाहर निकालना पड़ा। इसके बाद उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए 25 से ज्यादा एम्बुलेंस बुलाई गईं। जब हादसा हुआ तब दोनों बसों में कम से कम 55 लोग सवार थे।

## उत्तराखंड में श्रद्धालुओं से भरी बस खाई में गिरी:5 की मौत, गुजरात-हरियाणा समेत 7 राज्यों के 13 लोग घायल



उत्तराखंड के टिहरी में श्रद्धालुओं से भरी बस 70 मीटर गहरी खाई में गिर गई, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई है। टिहरी के SP आयुष अग्रवाल ने इसकी पुष्टि की। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुए इस हादसे में गुजरात, हरियाणा, बिहार, उत्तरप्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र और दिल्ली के 13 लोग घायल हैं, जिसमें से 6 की हालत नाजुक है।

बस ऋषिकेश के दयानंद आश्रम से 29 लोगों को कुंजापुरी मंदिर लेकर गई थी, यहीं से लौटते वक्त कुंजापुरी–हिंडोलाखाल के पास अचानक बस के ब्रेक फेल हो गए और ड्राइवर ने बस से कंट्रोल खो दिया।

नरेंद्रनगर थाने के दरोगा संजय ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसे के बाद बस (UK14PA1769) के अंदर से शवों को बाहर निकाला गया। बुरी तरह घायल हुए 6 लोगों को ऋषिकेश स्थित AIIMS में भर्ती करवा गया है जबकि 7 लोगों को नरेंद्रनगर के श्री देव सुमन अस्पताल में भेजा गया है। 5 मृतकों में 4 महिलाएं और 1 युवक शामिल है।

मृतकों में दिल्ली, गुजरात और उत्तरप्रदेश के लोग शामिल

इस हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है, जिनमें दिल्ली की अनीता चौहान, गुजरात के पार्थसाथी मधुसूदन जोशी, महाराष्ट्र की नमिता प्रभोध, बैंगलुरु के अनुज वेंकटरमन और सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के आशु त्यागी शामिल हैं। सभी यात्रियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी।

### घायलों में सबसे ज्यादा गुजरात के लोग

घायलों में दिल्ली के 69 वर्षीय नरेश चौहान शामिल हैं, जबकि हरियाणा अंबाला से 50 वर्षीय दीक्षा घायल हुई हैं। गुजरात से सबसे अधिक लोग घायल हैं, जिनमें 63 वर्षीय बालकृष्ण, 60 वर्षीय चैतन्य जोशी, 71 वर्षीय प्रशांत ध्रुव, 70 वर्षीय प्रतिभा ध्रुव शामिल हैं। महाराष्ट्र, मुंबई से 52 वर्षीय अर्चिता गोयल, शिवकुमार शाह और 55 वर्षीय माधुरी घायल हुए। उत्तराखंड से 60 वर्षीय शंभू सिंह, उत्तर प्रदेश वाराणसी से 50 वर्षीय राकेश और पंजाब से 49 वर्षीय दीपशिखा भी इस दुर्घटना में घायल हैं।




## अहमदाबाद में 925 अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर:एक हजार से ज्यादा लोग हुए बेघर, लोगों ने तालाब पर भी कर लिया था निर्माण



24 न्यूज अपडेट

गुजरात के अहमदाबाद में चंडोला झील के बाद एक और मेगा डिमोलिशन की कार्रवाई हो रही है। शहर के पूर्वी इलाके में स्थित इसनपुर तालाब के आसपास का बने मकान-दुकान ढहाए जा रहे हैं। सोमवार सुबह से शुरू हुई अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई चार चरणों में होगी।

इसके तहत तालाब किनारे के 925 अवैध मकान-दुकान ढहाई जाएंगी। इन मकानों में 1 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं। कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच 20 जेसीबी मशीनों और 500 नगर निगम कर्मचारियों व मजदूरों की टीम लगाई गई है। हालांकि, लोगों का कहना है कि उनके रहने की व्यवस्था किए बिना ही यह कार्रवाई की जा रही है, जिससे हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

### तालाब के बड़े हिस्से पर भी कर लिया था निर्माण

इसनपुर अहमदाबाद की तीसरा सबसे बड़ी झील है। लोगों ने बांस-बल्लियों से तालाब के बड़े हिस्से पर भी निर्माण कर लिया था। नगर निगम ने मानसून से पहले यहां रहने वालों को नोटिस भेजे थे। लेकिन, नवरात्रि, दशहरा और दिवाली जैसे त्योहारों के चलते तोड़फोड़ न कर लोगों को और वक्त दे दिया गया था। इससे पहले यह कार्रवाई 20 नवंबर को होनी थी, लेकिन स्थानीय लोगों ने और चार दिन का वक्त मांगा था। इसी के चलते कार्रवाई आज सुबह से शुरू हुई।

### हाईकोर्ट ने याचिका की खारिज

अतिक्रमण के खिलाफ स्थानीय लोगों ने गुजरात हाईकोर्ट का दरवावाजा खटखटाया था। लेकिन हाई कोर्ट ने यह कहकर याचिका खारिज कर दी थी कि शहर के जलाशय के पास अतिक्रमण को सही नहीं ठहराया जा सकता। इसके बाद ही प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू कर दी थी।

### निगम ने मकान देने का बात कही थी: स्थानीय

यहां रहने वाली महिलाओं ने बताया कि उनके परिवार 50 सालों से यहां रह रहे हैं। नगर निगम ने मकान तोड़ने से पहले लोगों से नए मकान देने का वादा किया था। लेकिन, अब तक किसी को मकान नहीं मिले हैं। निगम के अधिकारियों ने बिना घर दिए ही उनसे फॉर्म भरवा लिए। अब ये लोग बेघर हो गए हैं।

इससे पहले मई महीने में अहमदाबाद के चंडोला तालाब क्षेत्र में मेगा डिमोलिशन की कार्रवाई हुई थी। यहां 3 हजार से ज्यादा अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर प्रशासन का बुलडोजर चला था। करीब 3 हजार पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में लगातार 7 दिनों तक चली कार्रवाई में सैकड़ों बुलडोजर और डंपर लगाए गए थे।

गुजरात हाईकोर्ट ने स्टे की याचिका खारिज की हाईकोर्ट में इस मेगा डिमॉलिशन पर स्टे लगाने की याचिका दाखिल की गई थी। लेकिन, इस याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था।

## भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा क्विक कॉमर्स मार्केट:चीन-अमेरिका से दोगुना तेजी से बढ़ रहा



24 न्यूज अपडेट

चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा क्विक कॉमर्स मार्केट है। 2024 में यहां 5.6 अरब डॉलर (करीब 50 हजार करोड़) का बिजनेस हुआ और 2030 तक ये दोगुना होकर 11 अरब डॉलर (करीब 1 लाख करोड़) तक पहुंच सकता है।

खास बात यह है कि भारत ही टॉप-3 देशों में सबसे तेजी से बढ़ रहा है। 2025-2030 के बीच भारत के क्विक कॉमर्स की ग्रोथ रेट 15.5% रहने का अनुमान है। वहीं, अमेरिका के 6.72% और चीन के 7.9% से बढ़ने का अनुमान है।

पिछले साल यानी 2024 में दुनियाभर की क्विक कॉमर्स कंपनियों को कुल 2.8 अरब डॉलर (करीब 25 हजार करोड़) की फंडिंग मिली, जिसमें में से 37% यानी एक तिहाई हिस्सा भारतीय कंपनियों को ही मिला।

जेप्टो, ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टामार्ट जैसी कंपनियां निवेशकों की पहली पसंद बनी हुई हैं। 2021 से अब तक इस सेक्टर में 5 अरब डॉलर (करीब 45,000 करोड़) से ज्यादा का निवेश आ चुका है।

क्विक कॉमर्स यानी 10 से 30 मिनट के अंदर आपके घर तक सामान पहुंचाना। सामान्य ई-कॉमर्स जैसे- अमेजन और फ्लिपकार्ट में ऑर्डर करने के बाद 1-2 दिन या उससे ज्यादा लगता है, लेकिन क्विक कॉमर्स में बहुत तेज डिलीवरी होती है।

## सोना 89 गिरकर 1.23 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ:चांदी 1,925 बढ़कर 1.53 लाख किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

सोना के दाम में आज यानी 24 नवंबर को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम सोना 89 रुपए गिरकर 1,23,057 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 1,23,146 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

चांदी 1,925 रुपए बढ़कर 1,53,054 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,51,129 प्रति किलोग्राम थी। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और 14 अक्टूबर को चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

IBJA की सोने की कीमतों में 3% GST, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं।

## सेंसेक्स 331 अंक गिरकर 84,901 पर बंद:निफ्टी भी 109 अंक फिसला; मेटल और रियल्टी शेयर्स सबसे ज्यादा गिरे



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार, 24 नवंबर को सेंसेक्स 331 अंक गिरकर 84,901 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 109 अंक की गिरावट रही, ये 25,960 पर बंद हुआ।

आज IT सेक्टर को छोड़कर अन्य सेक्टर्स में गिरावट रही। निफ्टी रियल्टी 2.05%, मेटल 1.23% और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.15% गिरे।

## संपादकीय : हादसा और सबक

भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर युद्ध के जो नए आयाम उभर कर सामने आ रहे हैं, उस लिहाज से रक्षा साजो- सामान का अपने देश में निर्माण और उनका उन्नयन बेहद जरूरी हो गया है। स्वदेशी एवं बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान तेजस का निर्माण भारत की इसी सोच और इच्छाशक्ति का परिणाम है। इसे देश की रक्षा तकनीक की ताकत का प्रतीक भी माना जाता है। मगर भारतीय वायुसेना में शामिल इस विमान का दुबई में आयोजित एक प्रदर्शन के दौरान शुक्रवार को हादसे का शिकार हो जाने की घटना ने रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता की राह में चिंता की लकीरें खींच दी हैं। इस हादसे को इसलिए भी चिंताजनक दृष्टि से देखा जा रहा है, क्योंकि दो वर्ष के इतिहास में यह दूसरी बार है जब तेजस दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। इससे पहले मार्च 2024 में राजस्थान के जैसलमेर में भारतीय सेनाओं के एक त्रि - सेवा अभ्यास के दौरान यह लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। तब शुरुआती जांच में विमान के इंजन में तकनीकी खराबी की ओर इशारा किया गया था। जहां तक रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की बात है तो भारत पिछले कुछ वर्षों से स्वदेशी रक्षा उत्पादन के मामले में एक नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। देश में आत्मनिर्भरता एक मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है, जिसने स्थानीय डिजाइन, विकास और विनिर्माण को प्राथमिकता देने वाली नीतियों को प्रेरित किया है। सरकारी सुधारों, रणनीतिक निवेश और औद्योगिक साझेदारियों ने नवाचार को बढ़ावा देकर घरेलू रक्षा क्षमताओं को मजबूत किया है। भारत ने स्वदेशी रक्षा प्रणाली आकाशतीर, ब्रह्मोस मिसाइल और लड़ाकू विमान तेजस जैसे रक्षा उकपरणों को तैयार कर दुनिया को अपनी तकनीक एवं उसकी शक्ति का परिचय दिया है। आपरेशन सिंदूर के दौरान देश की इस आधुनिक रक्षा प्रणाली ने अपनी क्षमता को बखूबी दर्ज किया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत का रक्षा निर्यात वर्ष 2013-14 में 686 करोड़ रुपए से बढ़कर 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपए हो गया है। यह तस्वीर आत्मनिर्भर और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी रक्षा उद्योग के लिए देश के निरंतर एवं गहन प्रवासों को रेखांकित करती है। करीब दो दशक के विकास और परीक्षण के बाद लड़ाकू विमान तेजस को बेहद सुरक्षित माना जाता रहा है। इसका निर्माण वर्ष 2007 में शुरू हुआ था और जुलाई, 2016 में भारतीय वायुसेना ने तेजस का पहला बेड़ा बनाया । हल्के किस्म के इस विमान का निर्माण हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड ने किया है इसका ढांचा कार्बन फाइबर से बना हुआ है, जो इसे धातु की तुलना में बहुत हल्का और मजबूत बनाता है। इसके भीतर सेंसर तरंग रडार लगा है, जो दुश्मन के विमान से लेकर जमीन से हवा में दागी गई मिसाइल का भी पता लगा सकता है। यानी यह दुश्मन से खुद की सुरक्षा करने में भी सक्षम है। तेजस एमके-1 का उन्नत संस्करण भी जल्द तैयार होने वाला है, जो हवा से हवा में और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों तथा एंटी रेडिएशन मिसाइल रूद्रम-2 से लैस होगा। ऐसे में तेजस की उन तकनीकी कमियों का पूरी सटीकता से पता लगाना और उन्हें दुरुस्त करना बेहद जरूरी है, जो दो बार हादसों का कारण बनी हैं। तभी यह विमान पूरी तरह सुरक्षित एवं मजबूत रक्षा ढाल बन पाएगा।

## तनाव के परिसर

पढ़ाई और परीक्षा के दबाव की वजह से विद्यार्थियों की आत्महत्या की घटनाएं पहले ही चिंता का विषय बनी हुई थीं। मगर हाल साथ के दिनों में स्कूल में अपने खच हुए बर्ताव से आहत होकर कुछ विद्यार्थियों के आत्महत्या कर लेने की खबरें बेहद परेशान करने वाली हैं। पिछले हफ्ते दिल्ली में दसवीं कक्षा के एक छात्र और मध्य प्रदेश के रीवा में ग्यारहवीं की छात्रा ने खुदकुशी कर ली। उन्होंने अपने आत्महत्या नोट में बताया कि कुछ शिक्षक उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। वहीं जयपुर के स्कूल में महज नौ वर्ष की एक बच्ची पर उसके कई सहपाठी लगातार परेशान करने वाली टिप्पणियां कर रहे थे। दिल्ली के छात्र ने स्कूल के काउंसलर से अपना दुख साझा किया था, वहीं जयपुर के स्कूल की बच्ची ने भी शिक्षकों से मदद मांगी थी। मगर शिक्षकों ने इस पर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा। जबकि शिक्षकों और काउंसलरों की यह प्राथमिक जिम्मेदारी होती है कि वे किसी भी तरह की परेशानी का सामना कर रहे बच्चों की हर स्तर पर मदद करें। विडंबना यह है कि अपनी जिम्मेदारी का अहसास किए बिना कुछ शिक्षक बच्चों के साथ ऐसा बर्ताव करते हैं कि कई बच्चे तनाव और अवसाद की हालत में चले जाते हैं। ऐसे नाजुक समय में अगर समय पर बच्चों को मनोवैज्ञानिक सहायता मुहैया नहीं कराई जाती है, तो इसका परिणाम कई बार दुखद होता है। सवाल है कि जो शिक्षक बच्चों की मुश्किलों की पहचान समय पर नहीं कर पाते, मदद करने के बजाय उनके प्रति सख्त व्यवहार करते हैं, उनका प्रशिक्षण किस रूप में हुआ होता है। अगर कोई बच्चा स्कूल में हुए व्यवहार की वजह से आखिरकार जीने का हौसला खो देता है, तो ऐसे माहौल के लिए कौन जिम्मेदार है? स्कूलों के साथ-साथ घर-परिवार में भी यह विचार करने की जरूरत है कि बच्चों को किसी भी वजह से उपजे तनाव या दबाव का सामना करने को लेकर कैसे प्रशिक्षित किया जाए। स्कूलों में अपने साथ शिक्षकों या अन्य सहपाठियों के बर्ताव की वजह से बच्चों की आत्महत्या की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। इसके हल के लिए सरकार, समाज और स्कूल प्रबंधनों को तुरंत विचार करना चाहिए। स्कूल परिसर को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के अनुकूल बनाने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए।

# जिसको समझा ‘संदिग्ध तस्करी’ व निकली सरकारी डिपो से निकली वैध शराब



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में सोमवार दोपहर एक दिलचस्प स्थिति बन गई, जब डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम (DST) ने संदिग्ध तस्करी की सूचना पर एक पिकअप को घेरकर रोक लिया। वाहन की तलाशी में 22 पेटी विभिन्न ब्रांड की शराब मिली, जिसके बाद मामला और भी संदेहास्पद लगा। लेकिन जांच आगे बढ़ने पर खुलासा हुआ कि पूरी खेप सरकारी डिपो से विधिवत जारी की गई थी और इसे हाथीपोल क्षेत्र स्थित एक अधिकृत शराब दुकान तक पहुँचाया जा रहा था।

**सूचना मिली, पीछा शुरू हुआ**

टीम को सूचना मिली थी कि एक पिकअप में अवैध शराब की बड़ी खेप शहर में लाई जा रही है। इस पर DST ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बापूबाजार होते हुए नाड़ाखाड़ा चौराहे पर वाहन को रोक लिया। ड्राइवर को हिरासत में लेकर तुरंत सूरजपोल थाना पुलिस को भी बुला लिया गया।

### दस्तावेज़ सामने आए तो बदला पूरा मामला

थाने में पूछताछ के दौरान शराब के मालिक ने मौके पर पहुंचकर सभी आवश्यक परमिट और दस्तावेज प्रस्तुत किए। सत्यापन में पता चला कि खेप बलीचा स्थित सरकारी गोदाम से ही उठाई गई थी और वही निर्धारित रूट—पटेल सर्कल, सूरजपोल, अश्विनी बाजार होते हुए हाथीपोल तक—फॉलो किया जा रहा था।

### तस्करी की आशंका झूठी निकली, पिकअप छोड़ी गई

DST द्वारा की गई कार्रवाई महज एक गलतफहमी साबित हुई। दस्तावेजों के मिलान के बाद पुलिस ने पिकअप और चालक दोनों को छोड़ दिया। व्यापारी अपनी वैध खेप लेकर आगे रवाना हो गया।

# उदयपुर में स्कूली वाहन चालकों का विरोध तेज:

## मनमाने चालानों के खिलाफ चार यूनियनें एकजुट, 31 दिसंबर तक राहत अवधि की मांग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर में स्कूली वाहनों पर हो रही कड़ी कार्रवाई को लेकर सोमवार को ऑटो व वेन चालकों में भारी नाराज़गी देखने को मिली। चार प्रमुख यूनियनों—इंडियन ऑटो रिक्शा चालक श्रमिक यूनियन, एकता ऑटो यूनियन, लेकसिटी ऑटो चालक यूनियन और बाल वाहिनी संघर्ष समिति—ने संयुक्त रूप से जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कहा कि यातायात विभाग मनमाने तरीके से चालान कर रहा है, जिससे हजारों परिवारों की आजीविका संकट में पड़ गई है।

### “संख्या से कम बच्चों पर भी चालान”-चालकों का आरोप

यूनियनों का कहना है कि अब तक ऑटो में 8 और वेन में 10–12 बच्चों को बैठाने की व्यवस्था थी, लेकिन हाल के दिनों में निर्धारित संख्या से कम बच्चों को ले जाने पर भी चालान किए जा रहे हैं। चालकों के अनुसार, नियमों को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं हैं, जबकि कार्रवाई लगातार बढ़ती जा रही है।

### “सालाना टैक्स भी भरते हैं, फिर भी कार्रवाई”-यूनियनों की आपत्ति

चालकों ने बताया कि शहर के 30 से 90 प्रतिशत स्कूली वाहन एस.आर.टी. टैक्स जमा करते हैं, जो सालाना 10 से 15 हजार रुपए तक होता है। इस टैक्स के तहत वाहन की छत पर स्टैंड लगाने की अनुमति भी मिलती है, फिर भी समान वाहनों पर चालान काटे जा रहे हैं। यूनियनों ने इसे वाहन मालिकों के साथ अन्याय करार दिया।

### 31 दिसंबर तक मोहलत और चालानों पर रोक की मांग

ज्ञापन में मांग की गई है कि स्कूली वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र और पीली पट्टी लगाने जैसी अनिवार्य शर्तों को पूरा करने के लिए चालकों को 31 दिसंबर 2025 तक की राहत अवधि दी जाए। उनका कहना है कि अचानक लागू की गई शर्तों से आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, जिसे पूरा करने के लिए समय जरूरी है।

### अभिभावकों से किराया तय करने की अपील का सुझाव

यूनियनों ने प्रशासन को सुझाव दिया कि यदि प्रति सीट बच्चों की संख्या तय की जाती है, तो समान अनुपात में अभिभावकों को भी किराया बढ़ाने के लिए जागरूक किया जाए—वेन के लिए न्यूनतम 2000 रुपए और ऑटो के लिए 1500 रुपए प्रति बच्चा। इससे दूरी और खर्च के अनुसार वाहन मालिकों को संतुलन मिल सकेगा। प्रदर्शनकारी चालकों ने मांग की कि जब तक नए नियम स्पष्ट रूप से लागू नहीं हो जाते, तब तक यातायात पुलिस और परिवहन विभाग चालान कार्रवाई पर रोक लगाए, ताकि गरीब वाहन चालक अपनी रोज़मर्रा की जरूरतें पूरी कर सकें।

## बस का इंतज़ार कर रही महिला को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर मौत

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। ऋषभदेव थाना क्षेत्र में रविवार रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में उदयपुर निवासी महिला की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब महिला सड़क किनारे बस का इंतज़ार कर रही थी। तेज़ रफ्तार से आए अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान उदयपुर अंबामाता निवासी दुर्गा मेघवाल, पत्नी राजकुमार मेघवाल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दुर्गा उदयपुर लौटने के लिए कल्लाजी मंदिर के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस का इंतज़ार कर रही थी। इसी दौरान हाईवे पर तेज़ रफ्तार से आए एक अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से कुचल दिया। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी तेज़ थी कि दुर्गा के सिर में गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही ऋषभदेव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सीएचसी ऋषभदेव की मोर्चरी में रखवाया। सोमवार सुबह परिजनों के आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस अब मौके के सीसीटीवी फुटेज और हाईवे पर लगे कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

## फतहसागर की पाल पर फ्लावर शो का आयोजन 24 दिसम्बर से

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 24 नवंबर। विश्व प्रसिद्ध फतेहसागर की पाल पर हर वर्ष की भांति आयोजित होने वाले फ्लावर शो (पुष्प प्रदर्शनी) के आयोजन की तैयारियां प्रशासनिक स्तर पर शुरू हो गई है। इस संबंध में सोमवार को जिला कलेक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट निवास पर बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान चर्चा करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि लेक सिटी की साख के अनुरूप यहां आने वाले पर्यटकों और आमजन को बेहतर से बेहतर अनुभव मिले इसके लिए फ्लावर शो में उचित व्यवस्थाएं तथा विविधताओं से भरे फ्लावर्स तथा उनकी समुचित संख्या सुनिश्चित की जाए। इस हेतु सीएसआर के तहत भी सहयोग लिया जा सकता है तथा आवश्यकता अनुसार शहर के प्रतिष्ठित होटल्स समूह को भी पुष्प प्रदर्शनी के सफल आयोजन हेतु साथ जोड़ा जा सकता है। कलेक्टर मेहता ने कहा कि आगामी शीतकालीन अवकाश तथा पर्यटकों के सीजन को देखते हुए यह आयोजन 24 दिसंबर से 4 जनवरी तक आयोजित होना चाहिए, इसमें अधिक से अधिक जीवन काल वाले पौधे शामिल किए जाएं तथा उनकी सुरक्षा के भी समुचित प्रबंध किए जाएं। बैठक में यूडीए आयुक्त राहुल जैन, नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना सहित विभिन्न अधिकारी तथा विविध संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जानी विभागीय प्रगति की स्थिति

जिला कलेक्टर ने सोमवार को निवास पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेते हुए पेयजल, चिकित्सा एवं बिजली विभाग के अधिकारियों से विभागीय प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक आदित्य से जिले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए किया जा रहे उपायों की जानकारी साथ ही विभिन्न बजट घोषणाओं की प्रगति भी जानी। इसके अतिरिक्त उन्होंने बिजली विभाग तथा पेयजल विभाग की भी प्रगति जानते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता के आर मीणा, पीएच ईडी के अधिशासी अभियंता ललित कुमार नागोरी मौजूद रहे।

# श्री हेमराज व्यायामशाला में कुश्ती संघ अध्यक्ष का दौरा: खिलाड़ियों को मिलेंगे नए आधुनिक उपकरण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर की प्राचीन श्री हेमराज राष्ट्रीय व्यायामशाला में मंगलवार को राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता ने निरीक्षण दौरा किया। उन्होंने व्यायामशाला में प्रशिक्षण ले रहे युवा पहलवानों से बातचीत कर उनकी दिनचर्या और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। दौरे के दौरान दत्ता ने व्यायामशाला में संसाधनों की कमी का संज्ञान लेते हुए जल्द ही नए कुश्ती मेट और आधुनिक जिम उपकरण उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उदयपुर के पहलवानों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने की क्षमता है, बस उन्हें सही प्रशिक्षण और आधुनिक सुविधाओं की जरूरत है। व्यायामशाला में दत्ता का स्वागत वरिष्ठ सदस्य एवं अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच कैलाश पालीवाल, साथ ही संजय सोनी ने किया। दोनों ने राजस्थान कुश्ती संघ की इस पहल को सराहते हुए कहा कि नए उपकरणों से युवाओं के प्रशिक्षण स्तर में बड़ा बदलाव आएगा और शहर की इस ऐतिहासिक व्यायामशाला को नई ऊर्जा मिलेगी। दौरा समाप्त होने पर व्यायामशाला परिवार ने कुश्ती संघ अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

## ग्राम बोयणा में खेतों का रास्ता और सामलाती कुएं का पानी अवरुद्ध, ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पंचायत समिति मावली के ग्राम बोयणा के ग्रामीणों ने सोमवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर कृषि भूमि के पारंपरिक रास्ते और सामलाती कुएं से सिंचाई जल रोकने की समस्या का तत्काल समाधान कराने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के निवासी रामसिंह पुत्र करण सिंह द्वारा पिछले तीन वर्षों से सामलात दर्ज आराजी संख्या 594 स्थित कुएं से खेती हेतु पानी देना बंद कर दिया गया है। साथ ही खेतों तक पहुंचने वाले आम रास्ते को लोहे की जाली लगाकर अवरुद्ध कर दिया गया, जिससे लगभग 25 परिवारों का नियमित आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार संबंधित भूमि और कुआं साझा उपयोग (शामलात) में दर्ज है, जिसके उपयोग का अधिकार सभी ग्रामीणों को समान रूप से है। इसके बावजूद पानी और मार्ग को रोका जाना राजस्व नियमों के विरुद्ध और ग्रामीण अधिकारों का हनन है। ग्रामीणों ने बताया कि इस विषय पर पूर्व में भी SDM मावली और जिला प्रशासन को कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासनिक उदासीनता के कारण ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं की गई तो स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है। ग्रामीण प्रतिनिधियों ने कहा कि पानी और रास्ता बंद होने से किसानों की आजीविका प्रभावित है, पशुपालन संकट में है और आर्थिक नुकसान लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने अवरुद्ध रास्ता खुलवाने, सामलाती कुएं से पानी की बहाली तथा लगाए गए अवैधानिक अवरोध हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने जिला कलक्टर से मामले का त्वरित हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने और समाधान तक लगातार अनुश्रवण की अपील की।

# विनोद साहू पावरलिफ्टिंग इंडिया के उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 24 नवंबर। केरल के अलप्पुझा स्थित पगोड़ा रिसोर्ट के सभागार में पावरलिफ्टिंग इंडिया की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन हुआ, जिसमें वर्ष 2025 से 2029 तक के लिए नए कार्यकारिणी चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। इस चुनाव में राजस्थान के लिए गर्व का विषय रहा कि राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के आयोजन सचिव विनोद साहू को पावरलिफ्टिंग इंडिया का उपाध्यक्ष पुनः निर्विरोध चुना गया। राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष दिनेश श्रीमाली ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस चुनाव में कर्नाटक के सतीश कुमार कुदरोली अध्यक्ष, केरल के अर्जुन अवार्डी पी.जे. जोसेफ महासचिव तथा छत्तीसगढ़ के कृष्णा साहू को कोषाध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर राजस्थान के विनोद साहू का निर्विरोध चयन संगठन में उनकी सक्रियता और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। सभा के दौरान पावरलिफ्टिंग इंडिया की विभिन्न समितियों का भी गठन किया गया। विनोद साहू को वित्त समिति का चेयरमैन तथा रेफरी समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया, जिससे संघ में राजस्थान की भूमिका और मजबूत हुई है। पूर्व में भी साहू पावरलिफ्टिंग इंडिया में उपाध्यक्ष व संयुक्त सचिव जैसे अहम दायित्व निभा चुके हैं। हाल ही में हांगकांग में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में उन्हें भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया गया था, जहाँ उनके मार्गदर्शन की व्यापक सराहना हुई। विनोद साहू के पुनः उपाध्यक्ष चुने जाने पर राजस्थान खेल जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। संघ अध्यक्ष दिनेश श्रीमाली, सचिव डॉ. देवेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष राजाराम शर्मा, अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टर राजकुमारी यादव, माला सुखवाल, स्ट्रेंथलिफ्टिंग संघ के सचिव चंद्रेश सोनी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गौरव साहू, जिला ओलंपिक संघ के सचिव जालमचंद जैन, जिला तीरंदाजी संघ के सचिव गिरधारी सिंह चौहान, भाजपा देहात महामंत्री ललित सिंह सिसोदिया, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष सुखलाल साहू सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने उन्हें बधाइयाँ दीं।

**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें - desk24newsupdate@gmail.com**

# जूडो से होगा खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आगाज़

24 न्यूज अपडेट



उदयपुर, 24 नवम्बर। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स–2025 का रोमांच अब उदयपुर में देखने को मिलेगा। जयपुर में राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ के बाद मंगलवार से उदयपुर में प्रतियोगिताओं की शुरुआत जूडो से होने जा रही है। अटल बिहारी वाजपेयी मल्टीपरपज़ इनडोर स्टेडियम में सुबह 10 बजे उद्घाटन समारोह आयोजित होगा। जूडो प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी विश्वविद्यालयों की टीमें उदयपुर पहुंच चुकी हैं। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि जूडो मुकाबलों के साथ उदयपुर में खेलो इंडिया की गतिविधियां औपचारिक रूप से शुरू हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि 28 नवंबर से बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं भी प्रारंभ होंगी, जिसके लिए आवश्यक सामग्री और उपकरण पहुंच चुके हैं। मैदान में रेत बिछाने, समतलीकरण, दर्शक दीर्घा, विद्युत व्यवस्था, भोजनशाला और ऑफिस डोम आदि की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अधिकांश कार्य पूरे कर लिए गए हैं। इसके अलावा 2 दिसंबर से फतहसागर पाल पर शुरू होने वाली कायकिंग और कैनोइंग प्रतियोगिताओं की तैयारियां भी तेज़ी से चल रही हैं।

# शादी के सामान रखने को लेकर विवाद, दूल्हा सहित तीन गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राशमी थाना क्षेत्र के रेवाड़ा गांव में रविवार देर रात शादी का सामान रखना विवाद का कारण बन गया। दो पक्षों में शुरू हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। घटना में एक महिला समेत छह लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दूल्हे दिनेश सहित तीन लोगों को शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार रेवाड़ा निवासी नारायण लाल पुत्र कंवरलाल सुवालका ने रिपोर्ट दी कि गांव में भेरूलाल पुत्र धनराज सुवालका के बेटे दिनेश की 25 नवंबर को शादी है। भेरूलाल का परिवार विवाह का सामान उसके प्लॉट के पास रख रहा था। नारायण लाल ने इसका विरोध किया, जिस पर विवाद बढ़ गया। शिकायत में बताया कि आरोपी रमेश और दिनेश पुत्र भेरूलाल सुवालका (रेवाड़ा), राहुल पुत्र नानालाल सुवालका तथा उसकी बहन स्वाति (गांगाखेड़ा), चांदमल पुत्र शांतिलाल और रतनलाल पुत्र गोपीलाल सुवालका (मुरोली) लाठियां लेकर आए और नारायण लाल पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी भारती और मां प्रेमी बाई के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। मारपीट में नारायण लाल और उनकी मां को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एएसआई सुभाष चंद्र ने बताया कि प्रथम पक्ष से नारायण पुत्र कंवरलाल सुवालका तथा दूसरे पक्ष से दूल्हा दिनेश पुत्र भेरूलाल सुवालका (रेवाड़ा) और रतन पुत्र गोपीलाल सुवालका (मुरोली) को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर उपखंड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया।

# सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में NSUI का हंगामाः डीन पर पक्षपात का आरोप, पद से हटाने की मांग तेज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में सोमवार को NSUI कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक भवन के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यूनिवर्सिटी में अनियमितताएं लगातार बढ़ रही हैं और प्रशासन समस्याएं सुलझाने के बजाय पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहा है। प्रदर्शन का मुख्य केंद्र डीन मदन सिंह राठौड़ रहे, जिनकी कार्यशैली पर छात्रों ने गंभीर आरोप लगाए। NSUI कार्यकर्ताओं का कहना है कि हॉस्टलों की सफाई व्यवस्था बदहाल है। महीनों से शिकायतें करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही। कई हॉस्टलों में बाहरी और गैर-नामांकित छात्र रह रहे हैं, जिन पर रोक लगाने की मांग भी उठाई। छात्रों ने फीस रिफंड प्रक्रिया में हो रही देरी को भी बड़ा मुद्दा बताया, जिससे विद्यार्थियों को बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने रिजल्ट में गड़बड़ियों और लगातार बढ़ रहे "आरएल" (रिजल्ट लेट) मामलों को लेकर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि देरी से छात्रों का पूरा शैक्षणिक वर्ष प्रभावित हो रहा है और इस दिशा में भी प्रशासन निष्क्रिय है। NSUI नेताओं ने डीन राठौड़ पर पक्षपात का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हाल ही में ABVP के कार्यक्रम को पहले निरस्त किया गया, लेकिन देर रात अचानक मंजूरी कैसे दे दी? यह निर्णय पक्षपातपूर्ण है और विश्वविद्यालय का माहौल बिगाड़ रहा है। कार्यकर्ताओं का आरोप यह भी रहा कि शांतिपूर्ण विरोध के बावजूद पुलिस केवल NSUI कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेती है, जबकि अन्य संगठनों के प्रति नरमी बरती जाती है। NSUI ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

# पुलिस ने निकाला बदमाशों का जुलूसःलंगड़ाते हुए सड़क पर घुमाया, लूट की 38 किलो चांदी बरामद, दुकानदारों ने जिंदाबाद के नारे लगाए



24 न्यूज अपडेट

जयपुर पुलिस ने ज्वेलरी शॉप में लूट मामले में अरेस्ट किए दो बदमाशों का सोमवार शाम जुलूस निकाला। लंगड़ाते हुए दोनों बदमाशों को सड़कों पर घुमाया गया। इस पर दुकानदारों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। साथ ही जयपुर पुलिस जिंदाबाद के नारे भी लगाए। माणक चौक थाना पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों की निशानदेही पर 38 किलो लूटी गई चांदी बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो अनट्रेस वारदात करना स्वीकार किया है। इसमें एक जयपुर के जयसिंहपुरा खोर में ज्वेलरी शॉप में नकबजनी की। वहीं दूसरी वारदात टोंक जिले में 20 लाख रुपए की लूट से संबंधित है।

## 38 KG चांदी व 170 ग्राम सोने के गहने बरामद

डीसीपी (नॉर्थ) करन शर्मा ने बताया- ज्वेलरी शॉप में लूट मामले में हितेश प्रजापत उर्फ संजू (22) निवासी पायल विहार कॉलोनी जयसिंहपुरा खोर और अकरम (25) निवासी शारदा कॉलोनी जयसिंहपुरा खोर को अरेस्ट किया गया था। मामले में फरार बदमाश तोहिद (24) निवासी शारदा कॉलोनी जयसिंहपुरा खोर और अशफाक (26) निवासी बरौनी टोंक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 38 किलो चांदी व 170 ग्राम सोने के गहने बरामद किए हैं।

## पुलिस जिंदाबाद के लगाए नारे

माणक चौक थाना पुलिस की ओर से अरेस्ट किए दोनों आरोपियों को सोमवार शाम वारदात स्थल पर ले जाया गया। पुलिस ने सड़क पर दोनों आरोपियों का पैदल लंगड़ाते हुए जुलूस निकाला। सड़कों पर लंगड़ाते हुए दोनों बदमाशों को घुमाते हुए पुलिस ने वारदात स्थल का जायजा लिया। पुलिस के इस कार्य के चलते दुकानदारों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। साथ ही जयपुर पुलिस जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

# सेंट एंथोनीज़ के तीन खिलाड़ी SGFI राष्ट्रीय चयन में चमके



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सेंट एंथोनीज़ स्कूल के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने इस वर्ष SGFI (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इनमें दो खिलाड़ी—अनिरुद्ध साहू और दिशा मोड़—शतरंज में, जबकि सिर्जन सिंह देओल तैराकी में राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। शतरंज वर्ग में अनिरुद्ध साहू और दिशा मोड़ ने इंटर स्कूल व ज़ोनल स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर त्रिपुरा में होने वाली राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में अपनी जगह सुनिश्चित की। दोनों ने शांत, संतुलित और रणनीतिक खेल का परिचय देते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। तैराकी में सिर्जन सिंह देओल ने फ्रीस्टाइल और बैकस्ट्रोक में शानदार समय व तकनीक का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली में आयोजित होने वाली SGFI राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। इससे पहले वह कई जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। अनिरुद्ध साहू और सिर्जन सिंह लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय चयन में जगह बनाकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य विलियम डिसूज़ा ने तीनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सेंट एंथोनीज़ स्कूल हमेशा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करता है।

# सीबीआरएन प्रतियोगिता 2025 के फाइनल में पहुँचने वाली टीम को कमांडेंट ने किया सम्मानित, वेस्टर्न ज़ोन में हासिल किया द्वितीय स्थान



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 24 नवंबर। राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ) की टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सीबीआरएन प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। कमांडेंट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि टीम ने दो बड़ी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया।

## वेस्टर्न ज़ोन में दूसरा स्थान

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के तत्वावधान में पुणे, महाराष्ट्र में 14 से 16 अक्टूबर तक आयोजित वेस्टर्न ज़ोन सीबीआरएन प्रतियोगिता 2025 में राजस्थान की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में राजस्थान के साथ मध्य प्रदेश, गोवा, दादर नागर हवेली और महाराष्ट्र राज्यों की एसडीआरएफ टीमों ने भाग लिया था, जिसमें महाराष्ट्र की टीम प्रथम स्थान पर रही।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर सीबीआरएन प्रतियोगिता 2025 के मुकाबले में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और महाराष्ट्र जैसे राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया था।

## कमांडेंट द्वारा सम्मान

टीम के इस सराहनीय प्रदर्शन के लिए सोमवार 24 नवंबर को एसडीआरएफ कंट्रोल रूम जयपुर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कमांडेंट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त 22 कार्मिकों को नकद पुरस्कार और प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया।

# कोटड़ा क्षेत्र में रबी मक्का की उन्नत खेती पर प्रशिक्षण, 120 किसान हुए लाभान्वित




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयुएटी) उदयपुर द्वारा संचालित अखिल भारतीय मक्का अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत कोटड़ा तहसील के बड़ली गांव में मंगलवार को रबी मक्का की उन्नत खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं बीज–खरपतवारनाशी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गांव के लगभग 120 किसानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती माया देवी रहीं। इस अवसर पर श्री शंभूलाल लोंऊर (सामाजिक कार्यकर्ता, बड़ली), डॉ. हरीश कुमार सुमेरिया (सस्य विज्ञान वैज्ञानिक), डॉ. राम नारायण कुम्हार (सूत्रकृमि, पादप एवं रोग वैज्ञानिक) तथा श्री शंकर लाल परमार (कृषि पर्यवेक्षक, राजस्थान सरकार) विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. हरीश कुमार सुमेरिया ने किसानों का स्वागत करते हुए रबी मक्का की उन्नत खेती, बुवाई के उचित समय, कतार दूरी, उत्पादन लागत घटाने और उपज बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रबी मक्का में खरपतवार एक प्रमुख समस्या है, जिसके समाधान के लिए उपयोग होने वाले खरपतवारनाशियों की मात्रा, छिड़काव का सही समय और तकनीक किसानों को विस्तार से समझाई गई। डॉ. राम नारायण कुम्हार ने मक्का फसल में लगने वाले कीट, रोग और सूत्रकृमि की पहचान तथा उनके नियंत्रण के वैज्ञानिक उपायों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को बताया कि सही समय पर उचित दवाइयों के उपयोग से फसल को बड़े नुकसान से बचाया जा सकता है। कुम्हार ने मक्का से बनने वाले विभिन्न उत्पाद, मक्का की उन्नत किस्म तैयार करने की प्रक्रिया तथा बाजार में बेहतर मूल्य प्राप्त करने के उपाय भी बताए। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर किसान मक्का के साथ अन्य आय स्रोतों से अपनी आमदनी दोगुनी कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी किसानों को रबी मक्का की उन्नत किस्म का बीज एवं खरपतवारनाशी निःशुल्क वितरित किए गए। इस पहल से क्षेत्र के आदिवासी किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

# रिश्तेदारों पर रोब झाड़ने के लिए बने फेक पुलिस, 3 गिरफ्तार भवानीमंडी पुलिस ने लाल-नीली बत्ती लगी अर्टिगा कार जब्त की




24 न्यूज अपडेट

जयपुर 24 नवंबर। झालावाड़ जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशानुसार जिले में बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भवानीमंडी पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने फर्जी पुलिस इंस्पेक्टर और पुलिसकर्मी बनकर आमजन पर रोब झाड़ने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी अपनी निजी कार पर लाल-नीली बत्ती लगाकर घूम रहे थे और खुद को मध्य प्रदेश पुलिस का यातायात इंचार्ज और स्टाफ बता रहे थे।

एसपी कुमार ने बताया कि पुलिस थाना भवानीमंडी की टीम जयपुरीया मिल भवानीमंडी पर गश्त कर रही थी, ने एक संदिग्ध सफेद रंग की अर्टिगा कार (रजि.न. MP 13 ZN 4823) को रोका। इस कार पर लाल-नीली बत्ती लगी हुई थी। चालक बंटी उर्फ रवि ने पूछताछ में खुद को मध्य प्रदेश पुलिस का ट्रैफिक इंचार्ज बताया और अपने साथी अभिषेक व सुनील को स्टाफ बताया। हालांकि उनके हाव-भाव और बोलचाल से संदेह होने पर टीम ने उनसे विभाग का पहचान-पत्र और लाल-नीली बत्ती का वैध अनुज्ञापत्र माँगा।

पहचान-पत्र और वैध दस्तावेज़ ना होने से और गहनता से पूछताछ करने पर तीनों घबरा गए। आरोपी बंटी उर्फ रवि ने बताया कि उसने अपनी रिश्तेदारी में हो रही शादी समारोह में रोब जमाने के लिए कार पर लाल-नीली बत्ती लगाई थी और खुद को पुलिस अधिकारी बता रहा था। तीनों आरोपियों के खिलाफ तत्काल कानूनी धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया।

कार्यवाही के दौरान भवानीमंडी थानाधिकारी रमेशचंद मीणा के नेतृत्व में पुलिस ने तीनों फर्जी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से लाल-नीली बत्ती लगी अर्टिगा कार को जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बंटी उर्फ रवि बैरवा (37) निवासी माधव नगर उज्जैन एमपी, अभिषेक बैरवा (22) निवासी मंगलापुरी थाना पालम नई दिल्ली और सुनील तोमर (36) निवासी पंवासा उज्जैन एमपी के रूप में हुई है।

# पंजाब के राज्यपाल कटारिया 29 से उदयपुर में



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 24 नवम्बर। पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ प्रशासक श्री गुलाबचंद कटारिया 29 नवम्बर से उदयपुर के प्रवास पर रहेंगे। श्री कटारिया 29 नवम्बर को सुबह 9.30 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग द्वारा उनके निवास पर जाएंगे। श्री कटारिया 29 एवं 30 नवम्बर को स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। 1 दिसम्बर को सुबह 8.15 बजे डबोक एयरपोर्ट से विमान द्वारा चण्डीगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# उदयपुर कलक्टर श्री नमित मेहता को मिलेगा सिल्वर एलिफेंट अवार्ड

24 न्यूज अपडेट



उदयपुर, 24 नवम्बर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से नेशनल एडल्ट अवार्ड प्रजेंटेशन सेरेमनी 26 नवम्बर को राजभवन, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन डायमंड जुबली समारोह एवं 19वें राष्ट्रीय जम्बूरी के ग्रैंड फिनाले के तहत होगा। समारोह में वर्तमान उदयपुर कलक्टर एवं तत्कालीन पाली कलक्टर श्री नमित मेहता को वर्ष 2022-23 के लिए प्रतिष्ठित सिल्वर एलिफेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। पाली में आयोजित राष्ट्रीय जम्बूरी में उनकेउत्कृष्ट नेतृत्व, प्रबंधन और उल्लेखनीय सेवाओं के लिए यह सर्वाच्च वयस्क सम्मान दिया जा रहा है। राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त डॉ. के.के. खंडेलवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा 26 नवम्बर को अपराह्न 3 बजे राजभवन, लखनऊ में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। समारोह में वर्ष 2022-23 के लिए देशभर से चयनित वयस्क स्काउट/गाइड लीडर्स को सिल्वर एलिफेंट, बार टू सिल्वर अवॉर्ड तथा सिल्वर अवॉर्ड प्रदान किए जाएंगे। यह सम्मान राष्ट्रीय पुरस्कार समिति द्वारा असाधारण योगदान देने वालों को प्रदान किया जाता है।

# आचार्यश्री महाश्रमण का भव्य स्वागत, ज्ञान के महत्व पर दिया ओजस्वी प्रवचन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुरः जैन तेरापंथ के एकादशम( 11वें) आचार्य, अहिंसा यात्रा के प्रणेता आचार्यश्री महाश्रमणज का सोमवार को उदयपुर जिले के काया-बलीचा में हजारों श्रावक-श्राविकाओं ने जयकारों की गूंज के बीच भव्य स्वागत किया गया. आचार्यश्री की अगवानी में उपस्थित लोगों ने उनकी धवल सेना (साधु-साध्वियों की संघ) का भी हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया.

इसके बाद आचार्यश्री गोवर्धन विलास स्थित मार्वल वाटर पार्क पहुंचे, जहां आयोजित विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डाला. आचार्यश्री ने कहा कि बिना ज्ञान के जीवन अंधकारमय हो जाता है. उन्होंने एक रोचक उदाहरण देते हुए कहा कि एक व्यक्ति रेलवे स्टेशन गया और टिकट खिड़की पर बोला मुझे टिकट चाहिए. पूछा गया कहां का? उसने कहा ससुराल का, फिर पूछा गया ससुराल कहां है? उसने कहा मुझे पता नहीं, जब व्यक्ति को यह भी नहीं पता कि उसे जाना कहां है, उसकी मंजिल क्या है, अच्छे-बुरे का ज्ञान नहीं, तो उसका जीवन व्यर्थ है.

बोले- अज्ञान अंधकार का प्रतीक हैः आचार्यश्री ने आगे कहा कि जैन आगमों और शास्त्रों में ज्ञान का अथाह भंडार है, लेकिन आज लोग उसे पढ़ने-समझने का समय नहीं निकाल पाते. स्वास्थ्य, पारिवारिक परेशानियां आदि बाधाएं आती रहती हैं, फिर भी उपाय यही है कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी शास्त्रों का सार ग्रहण करने का प्रयास करें. यह सार आचार्यों, गुरुओं एवं साधु-संतों के सान्निध्य से ही प्राप्त हो सकता है. ज्ञान ही जीवन में प्रकाश लाता है, अज्ञान अंधकार का प्रतीक है.

13 किलोमीटर का पैदल विहारः तेरापंथ सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री आलोक पगारिया ने बताया कि इससे पूर्व आचार्यश्री ससंघ ठहराव स्थल काया पीएमसी से प्रगति आश्रम तक लगभग 13 किलोमीटर का पैदल विहार किया. विहार मार्ग के दोनों ओर हजारों श्रावक-श्राविकाएं खड़े होकर जयकारे लगा रहे थे. महिलाएं पीली साड़ी और पुरुष सफेद वस्त्रों में धर्म ध्वज थामे आचार्यश्री से आशीर्वाद लेते चल रहे थे. प्रगति आश्रम पहुंचते ही हजारों लोग जयकारों के साथ आचार्यश्री के चरणों में नतमस्तक हो गए. आश्रम में प्रवेश के बाद दर्शन-आशीर्वाद की लंबी कतारें लगी रहीं. स्वागत समारोह में तेरापंथ युवक परिषद, महिला मंडल एवं ज्ञानशाला के सौ से अधिक बच्चों ने सामूहिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया.



# हाईवे-76 पर सर्विस लेन की मांग तेजः मेवाड़ किसान संघर्ष समिति ने हाईवे अथॉरिटी के एमडी अनिल चौधरी को सौंपा ज्ञापन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। देबारी से काया हाईवे बाईपास पर रानी जी की बावड़ी पारा खेत—उमरड़ा मुख्य मार्ग पर सर्विस लेन नहीं बनने से क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों के करीब 30 हजार से अधिक ग्रामीण और किसान प्रभावित हैं। समस्या को लेकर सोमवार को मेवाड़ किसान संघर्ष समिति के बैनर तले क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने हाईवे अथॉरिटी के प्रबंध निदेशक अनिल चौधरी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल सर्विस लेन निर्माण की मांग की। समिति के संयोजक विष्णु पटेल ने कहा कि हाईवे निर्माण के समय अधिकारियों और तत्कालीन प्रशासन ने स्पष्ट आश्वासन दिया था कि यहां सर्विस लेन बनाई जाएगी, ताकि किसानों को आवाजाही में परेशानी न हो। लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी सर्विस लेन नहीं बनी, जिससे ग्रामीणों को लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। कानपुर के पूर्व उपसरपंच मदनलाल डांगी ने बताया कि यदि सर्विस रोड बना दी जाए तो तीन से चार किलोमीटर का बेवजह का चक्कर बचेगा और प्रतापनगर चौराहे पर ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हाईवे के दोनों छोर पर किसानों के खेतों तक पहुंचने के लिए कोई रास्ता नहीं छोड़ा गया है, जबकि इस समस्या को कई बार अधिकारियों के समक्ष रखा गया। समिति ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में जिला कलेक्टर कार्यालय पर बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में संघर्ष समिति सहसंयोजक प्रेमचंद, ओमप्रकाश डांगी, बाबूलाल गमेती, पूर्व सरपंच भेरूलाल मीणा, चुन्नीलाल खटीक, ताराचंद पटेल, रूपलाल पटेल, योगेंद्र सिंह भाटी, तोलीराम डांगी, लक्ष्मण डांगी, गणेशलाल डांगी, नानालाल डांगी, रामलाल डांगी, शंकरलाल पटेल, राकेश पटेल, देवीलाल पटेल, शोभालाल गर्ग सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि यदि हाईवे अथॉरिटी और प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन उग्र किया जाएगा और इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# दिव्यांगजनों ने तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्य महाश्रमण का किया भावपूर्ण स्वागत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में तेरापंथ धर्म संघ के 11वें आचार्य, परम पूज्य आचार्य श्री महाश्रमण जी के आगमन पर नारायण सेवा संस्थान की ओर से श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। संस्थान के संस्थापक कैलाश मानव, अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, सहसंस्थापिका कमला देवी अग्रवाल, निदेशक पलक अग्रवाल ने गुरुदेव आचार्य को सादर नमन करते हुए संस्थान द्वारा संचालित सेवाओं, विशेषकर दिव्यांग पुनर्वास, शिक्षा और मानवता आधारित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत दी। संस्थान से लाभान्वित दिव्यांगजन गुरुदेव की अगवानी करने पहुँचे। उन्होंने आचार्यश्री से मंगल आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को धन्य अनुभव किया। इस अवसर पर संस्थान के सैकड़ों साधक, स्वयंसेवक तथा उदयपुर के अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और आचार्यश्री के दर्शन का सौभाग्य पाया। अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कहा आचार्य श्री महाश्रमण जी के आगमन से आध्यात्मिक और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है।

# कृष्ण लीला सुन झूम उठे भक्त, बड़ग़ांव में चल रही भागवत कथा में उमड़ा जन सैलाब



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा, कस्बे के नेमिनाथ मंदिर में चातुर्मासरत आर्यिका सुप्रज्ञमती माताजी ससंघ का शनिवार को तहसील रोड स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रातः 8:30 बजे समाज अध्यक्ष रमेश चंद्र कोठारी एवं महामंत्री भूपेंद्र जैन के नेतृत्व में महावीर कॉलोनी के लिए विहार हुआ। इससे पूर्व माता जी के मुखारविंद से मंदिर में भगवान शांतिनाथ का पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। महावीर कॉलोनी सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष रोशन लाल नागदा एवं मंत्री भूपेंद्र भगोरिया के नेतृत्व में समाजजन तहसील रोड पहुंचे, जहां से आर्यिका संघ की अगवानी कर बैंड बाजे की धुन पर नाचते झूमते जय कारा लगाते हुए महावीर कॉलोनी जिनालय में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। प्रवेश से पूर्व शोभा यात्रा के दौरान श्रावक श्राविकाओं द्वारा जगह जगह विदुषी आर्यिका का पाद प्रक्षालन एवं पुष्प वृष्टि की गई। महावीर कॉलोनी जिनालय में प्रवेश से पूर्व महिला परिषद की 11 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर फूलों की रंगोली सजाकर संघ का स्वागत किया।

आर्यिका द्वारा जिनालय के सभागार में धर्मावलंबियों को प्रवचन रूपी मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। प्रवचन में बताया कि गुरु का समागम दुर्लभता से मिलता है। गुरु के आशीर्वाद से ही धर्म प्रभावना होती है, सभी को गुरु वचन एवं गुरु आज्ञा का पालन करना चाहिए। आचार्य आदि सागर जी महाराज की दीक्षा जयंती पर उनके जैनेश्वरी दीक्षा से लेकर विस्तार से समझाया। बिना नमक के नमकीन अच्छी नहीं लगती वैसे ही बिना शक्कर के मिठाई भी अच्छी नहीं लगती है वैसे ही बिना गुरु के शिष्य का भी कोई अस्तित्व नहीं होता है। यह भी बताया कि जब श्रावक वैराग्य की ओर बढ़ता है तो भावनाएं बदलती रहती हैं। धर्म सभा में दान के बारे में बोलते हुए बताया कि दान छुपा कर देना चाहिए न कि छपा कर। जीवन में आगे बढ़ना चाहते हो तो अच्छी बातों को ग्रहण करें और बुरी बातों का त्याग करो।

धर्म सभा में हुमड समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र वखारिया, चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र पंचोली एवं मंत्री कुलदीप जैन, शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष रमेश चंद्र कोठारी एवं महामंत्री भूपेंद्र कुमार जैन, हेमराज नागदा, गुणवंत फ़डिया, शांति लाल वखारिया, रंजन जैन,हसमुख जैन, गजेंद्र पंचोली सहित सकल दिगंबर जैन समाज के सैकड़ो लोग शोभायात्रा एवं धर्म सभा में उपस्थित रहे। धर्म सभा समारोह का संचालन महेंद्र जैन द्वारा किया गया।

# 76वां संविधान दिवस समारोह 26 नवंबर को उदयपुर में, संवैधानिक अधिकारों, जनजागरूकता और भविष्य की पीढ़ियों के हक़ पर होगा मंथन




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। संवैधानिक अधिकार जनजागृति संस्थान, सर्व बहुजन, मूलनिवासी, आदिवासी, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक समाज के संयुक्त तत्वावधान में 76वां संविधान दिवस समारोह 26 नवंबर को एमबी हॉस्पिटल के न्यू ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम में संविधान संबंधी जनजागरूकता, नागरिकों के मूल अधिकारों तथा इन्हें जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। संस्थान के अध्यक्ष गणेशलाल रायकवाल ने बताया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिसे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में तैयार कर 26 नवंबर 1949 को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि आज भी ओबीसी, एसटी, एससी एवं अल्पसंख्यक वर्ग गरीबी, बेरोजगारी, शोषण, अत्याचार, अशिक्षा और समान अवसरों की कमी जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, जिसका मूल कारण संवैधानिक प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन न होना है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय कर्मचारी संघ, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.आर. ओहोल वर्तमान संवैधानिक स्थिति पर प्रकाश डालेंगे। आयोजन का उद्घाटन एसबीआई के मुख्य प्रबंधक एवं संगठन के आजीवन सदस्य अंबालाल सालवी करेंगे, जबकि अध्यक्षता संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष गणेशलाल रायकवाल द्वारा की जाएगी। समारोह में सेवानिवृत्त IAS तारा चंद मीणा, प्रो. सुधा चौधरी (दर्शनशास्त्र विभाग, सुविवि), राष्ट्रीय बहुजन प्रचारक जनाब रईस मलिक, जनाब खुर्शीद खान कायमखानी, प्रो. भेरूलाल सालवी, एडवोकेट सत्येंद्र पाल सिंह छाबड़ा, बिशप डॉ. बेन्जामिन डोडियार, रेव. सनी एस. कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक प्रो. आमोस मीणा ने बताया कि यह संगठन का दूसरा राज्य स्तरीय आयोजन है। संविधान और नागरिक अधिकारों के प्रति जनजागरूकता के लिए मोहल्लों से लेकर गांवों तक अभियान चलाया जा रहा है, जिसे और विस्तृत रूप दिया जाएगा। संगठन के उपाध्यक्ष सुख सम्पत बागड़ी मीणा ने बताया कि समारोह में भारतीय संविधान की पृष्ठभूमि, निर्माण, उद्देश्य तथा ओबीसी, एसटी, एससी और अल्पसंख्यक वर्गों के मौलिक अधिकारों पर गहन विमर्श होगा। इस कार्यक्रम में एक से डेढ़ हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है।

# महावीर इंटरनेशनल उदयपुर ने रक्तदान सहित किए कई जनसेवार्थ कार्य



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 24 नवम्बर। महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केन्द्र, तुलसी निकेतन स्कूल एवं सुन्दर देवी चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष रविंद्र सुराणा ने बताया कि आर एन टी मेडिकल कॉलेज की मेडिकल टीम के सहयोग से रक्तदाताओं के द्वारा कुल 58 युनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान महावीर इंटरनेशनल उदयपुर एवं सुन्दर देवी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र महावीर इंटरनेशनल मुद्रित मग तुलसी निकेतन स्कूल की ओर से रजिस्टर प्रदान किए गए। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं, रक्तदाताओं और अन्य उपस्थित कुल 400 लोगों को वीर डी पी धाकड़ के सौजन्य से हृदय आघात से बचाव संबंधी मेडिकल गोलियों के कीट वितरित किए गए और केन्द्र अध्यक्ष द्वारा इसके सही प्रयोग की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल उदयपुर के द्वारा प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत लोगों को जुट के बैग वित्तरीत किए गए श्री रविंद्र सुराणा ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल का मूल उद्देश्य सेवा से दोस्ती की ओर सेवा से संतुष्टि की ओर के तहत लोगों को प्रेरित किया गया कि कपड़े की थैली अपनाओ पर्यावरण बचाओ महावीर इंटरनेशनल का एक नया नारा पेड़ लगाओ पेड़ पनपाओ पेड़ बचाओ पानी बचाओ के तहत लोगों को जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम में केन्द्र अध्यक्ष वीर रवीन्द्र सुराणा, अध्यक्ष तुलसी निकेतन समिति वीर अरुण कुमार कोठारी, उपाध्यक्ष वीर प्रकाश जैन, सचिव वीर सुरेश चंद्र बड़ीवाल, ट्रस्टी सदस्य वीर एम एस खमेसरा, जोन चेयरपर्सन डॉ हंसा हिंगड़, वीर गणेश डागलिया, वीर सुनील गांग, वीर राजेंद्र कुमार सुराणा, वीर दिलीप कुमार सुराणा, वीर राजमल जैन, वीरा कांता कोठारी, वीरा उषा सुराणा, वीरा सुनीता सुराणा, वीरा कौशल्या जैन, वीरा अर्चना जैन बी एल मेनारिया प्रिंसिपल तुलसी निकेतन स्कूल आसिफ अंसारी माइनिंग इंजीनियर एसोसिएशन उदयपुर रितांशु कौशल जॉइंट सेक्रेटरी माइनिंग इंजीनियर एसोसिएशन उदयपुर ने अपनी सेवाएं दी।

अध्यक्ष रविंद्र सुराणा बताया कि सेवा कार्यों की कड़ी में इस सेवा सप्ताह अन्नपूर्णा रसोई में 200 लोगों को भोजन कराया गया इसी तरह विज्ञान समिति में मधुमेह से संबंधित डर नहीं दोस्ती का संकल्प के तहत मधुमेह के लिए लोगों को जानकारी दी गई इसी तरह वीर कमल प्रकाश जी भंडारी की ओर से मानव सेवा समिति में 225 तीमारदारों को भोजन कराया गया साथ ही महाकालेश्वर में गायों को हरा चारा खिलाया गया तथा दांता में एक पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें लगभग 500 पशुओं का निशुल्क इलाज एवं टीकाकरण किया गया यह शिविर वीर रविंद्र सुराणा के सौजन्य से आयोजित किया गया श्री दौलत सिंह भंसाली की ओर से निशुल्क दलिया वितरण हेतु अंशदान दिया गया। इसी तरह बाल एवं जनाना चिकित्सालय में सो बेबी किट 435 यूटेंसिल 50 पेटिकोट 65 स्वेटर 60 कंबल तथा 3 किलो सत्तू का वितरण किया गया।

# डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड आईटी में "अनलीशिंग द पॉवर ऑफ एआई एजेंट्स" विषय पर कार्यशाला आयोजित




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में "अनलीशिंग द पॉवर ऑफ एआई एजेंट्स" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को एआई एजेंट्स की क्षमताओं, उनके व्यावहारिक उपयोगों और भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग की निदेशक प्रो. मंजू माण्डोत के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस मानव जीवन और उद्योगों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है, और एआई एजेंट्स भविष्य की तकनीकी दिशा तय करेंगे। कार्यशाला के मुख्य वक्ता आईबीएम स्किल्स बिल्ड के एआई ट्रेनर श्री यश रावल रहे। उन्होंने एआई एजेंट्स की कार्यप्रणाली को सैद्धांतिक और प्रायोगिक रूप से समझाया तथा लाइव डेमो प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्षों में एआई एजेंट्स का उपयोग और अधिक व्यापक तथा उद्योगों के लिए अनिवार्य हो जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भरत सुखवाल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीष श्रीमाली ने दिया। कार्यशाला के दौरान संकाय सदस्य डॉ. भारत सिंह देवड़ा, डॉ. गौरव गर्ग, डॉ. दिलीप चौधरी, श्री मुकेश नाथ, श्री दुर्गाशंकर और श्री त्रिभुवन सिंह बमनिया उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए एआई की नवीनतम प्रगति और औद्योगिक उपयोगों पर चर्चा की।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।